रायगढ़ में खुलेगा संगीत और नृत्य महाविद्यालय

चर्चा में क्यों?

24 जून, 2022 को छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में संगीत और नृत्य महाविद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

प्रमुख बिंदु

- इस महाविद्यालय की स्थापना इंदिरा संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के अंतर्गत की जाएगी।
- गौरतलब है कि रायगढ़ को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक नगरी के रूप में जाना जाता है।
- रायगढ़ घराना अपनी कथक नृत्य विधा और शास्त्रीय संगीत के लिये प्रसिद्ध है।
- रायगढ़ में राजा चक्रधर सिंह ने गणेश पूजा के दौरान विभिन्न प्रकार के संगीत, साहित्य एवं खेलों का आयोजन कराया था, जो अभी भी जारी हैं। इसे 'चक्रधर समारोह' के नाम से जाना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/music-and-dance-college-to-open-in-raigarh